श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 163, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 18 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## ट्रैक्टर रैली पर सुप्रीम कोर्ट बोला- दिल्ली पुलिस तय करे, कौन आएगा राजधानी में

**शीर्ष अदालत द्वारा गणतंत्र दिवस पर किसानों की ट्रैक्टर रैली के खिलाफ याचिका पर आज सुनवाई की गई। नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली बॉर्डर पर किसानों का प्रदर्शन जारी है। किसान नेताओं ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड को बाधित करने की कोई योजना नहीं।**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विवादास्पद कृषि कानूनों और दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसानों के विरोध से संबंधित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पूरी हुई। सुनवाई के दौरान किसानों को दिल्ली में प्रदर्शन करने देने की मांग की गई। इसके बाद 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली पर सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया, जिसपर अदालत ने कहा कि इस मामले पर बुधवार को सुनवाई होगी।

एटॉर्नी जनरल ने प्रस्तावित 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली से होने वाली दिक्कत पर दलील दी तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ये कानून व्यवस्था का मामला है। दिल्ली पुलिस तय करेगी कि कौन दिल्ली में आएगा और किन शर्तों पर व कितनी संख्या में आएगा। यह कोर्ट तय नहीं करेगा।' कोर्ट ने इस मुद्दे को लेकर आज सुनवाई टाल दी है। अब किसान मामले में बुधवार को सुनवाई होगी।

बीकेयू लोकशक्ति के वकील ए पी सिंह ने किसानों को दिल्ली आने देने पर दलील पेश की। इस पर मुख्य न्यायाधीश (CJI) ने कहा कि यह विषय पहले पुलिस के देखने का है। हम पहले फैसला नहीं लेंगे।

उम्मीद लगाई जा रही था कि अदालत आज की सुनवाई के दौरान उसके द्वारा गतिरोध को हल करने के मकसद से बनाई गई समिति के एक सदस्य का मामले से अलग हो जाने पर भी ध्यान दे सकता है, हालांकि, ऐसा नहीं हुआ।

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए परसों तक के टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर प्रस्तावित किसानों की ट्रैक्टर रैली के खिलाफ केंद्र की एक याचिका पर सुनवाई करने वाला था। मुख्य न्यायाधीश (CJI) शरद अरविंद बोबड़े की अध्यक्षता वाली तीन- जजों की पीठ इस दौरान दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को लेकर विभिन्न याचिकओं पर सुनवाई कर रही है। केंद्र ने दिल्ली पुलिस के माध्यम से दायर एक याचिका में कहा था कि गणतंत्र दिवस समारोह को बाधित करने के लिए प्रस्तावित कोई भी रैली या विरोध से देश को को शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी।

शीर्ष अदालत ने 12 जनवरी को सुनवाई करते हुए नए कृषि कानूनों को अगले आदेशों तक लागू करने पर रोक लगा दी थी। साथ ही केंद्र और प्रदर्शन कर रहे किसान यूनियनों के बीच गतिरोध को हल करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। इनमें से ही एक सदस्य ने खुद को कमेटी से अलग कर लिया।

वहीं, किसान नेताओं ने स्पष्ट किया है कि 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली केवल हरियाणा-दिल्ली सीमाओं पर होगी और किसान गणतंत्र दिवस परेड को बाधित करने के लिए लाल किले तक पहुंचने की योजना नहीं बना रहे हैं। जैसा कि कुछ लोगों द्वारा दावा किया जा रहा है। बता दें कि दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को लेकर विभिन्न याचिकओं पर सुनवाई कर रही मुख्य न्यायाधीश (CJI) शरद अरविंद बोबड़े की अध्यक्षता वाली तीन- जजों की पीठ ने दिल्ली पुलिस की 26 जनवरी को रैली या विरोध से जुड़ी चिंताओं पर सहमति व्यक्त की और इसे 18 जनवरी को सुनवाई के लिए पोस्ट कर दिया। अब जहां आज सभी मामलों पर सुनवाई होनी है।

## कर्नाटक में गोहत्या के खिलाफ कानून आज से लागू

**कर्नाटक में गोहत्या के खिलाफ लागू कानून के खिलाफ जाना बहुत महंगा पड़ सकता है। अध्यादेश में गोधन की हत्या करने पर तीन से सात साल की सजा और 50 हजार से पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।**



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में गोहत्या के खिलाफ कानून आज से लागू हो गया है। राज्य सरकार का कहना है कि इस अध्यादेश के लागू होने से प्रदेश में गाय की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगेगा। वहीं, बताया गया है कि राज्य में स्लाटर हाउसेज (बूचड़खानों) का संचालन जारी रहेगा और भैंसों के मांस के उपभोग पर प्रतिबंध नहीं होगा क्योंकि सक्षम प्राधिकारी के सत्यापन से 13 साल से अधिक उम्र की नर व मादा भैंस की हत्या पर प्रतिबंध नहीं है।

कर्नाटक में गोहत्या के खिलाफ लागू कानून के खिलाफ जाना बहुत महंगा पड़ सकता है। अध्यादेश में गोधन की हत्या करने पर तीन से सात साल की सजा और 50 हजार से पांच लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। दोबारा अपराध करने पर सात साल की सजा और एक लाख से 10 लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। इसमें 'कैटल' को सभी उम्र की गाय, गाय के बछड़े, बैल, सांड़ और 13 साल से कम उम्र की नर और मादा भैंस के रूप में परिभाषित किया गया है। जबकि बीफ को किसी भी रूप में कैटल के मांस के रूप में परिभाषित किया गया है।

कर्नाटक सरकार ने हाल ही में कहा था, 'कर्नाटक प्रीवेंशन ऑफ स्लॉटर एंड प्रिजर्वेशन ऑफ कैटल ऑर्डिनेंस, 2020 के सभी प्रावधान 18 जनवरी से लागू हो जाएंगे।' बता दें कि इस महीने की शुरूआत में, राज्य के राज्यपाल वजुभाई वाला ने कर्नाटक में वध-संरक्षण और मवेशी संरक्षण विधेयक - २०२० को मंजूरी दी थी, जिसे राज्य विधानसभा में ९ दिसंबर २०२० को पारित किया गया था। राज्य सरकार ने अपने आदेश में कहा था कि अध्यादेश का उद्देश्य राज्य में वध और गोवंश के संरक्षण के लिए व्यापक कानून प्रदान करना है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि विधेयक, जो अब एक कानून है, उसकी व्यापार सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा नहीं की गई थी।

## अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए ट्रस्ट को अब तक मिला 100 करोड़ का दान

**नई दिल्ली, एएनआइ/जेएनएन।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अब तक 100 करोड़ रुपये का दान मिला है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दान को लेकर डाटा अभी मुख्यालयों तक नहीं पहुंचा है, लेकिन कार्यकताओं से रिपोर्ट मिली है कि इस पवित्र कार्य के लिए 100 करोड़ रुपये जुटा लिए गए हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट ने 15 जनवरी से व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। यह अभियान 27 फरवरी तक चलेगा।

मंदिर निर्माण के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से चंदे के बारे में राय ने कहा,



'इसमें कुछ गलत नहीं है। वह भारतीय हैं और भारत की आत्मा राम हैं। इसलिए हर सक्षम व्यक्ति इस महान कार्य में योगदान दे सकता है।' राष्ट्रपति कोविंद ने राम मंदिर निर्माण के लिए 5,00,100 रुपये का दान दिया है। चंपत राय ने यह भी बताया कि राम मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। करीब 39 महीने में निर्माण कार्य पूरा होगा। ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर का निर्माण भारत की प्राचीन व पारंपरिक निर्माण तकनीक के आधार पर किया जाएगा। इसे इस तरह से बनाया जाएगा, जिससे भूकंप, तूफान और अन्य प्राकृतिक आपदाओं का यह सामना कर सके। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने एक वीडियो मैसेज के जरिये अपने फॉलोअर्स से राम मंदिर निर्माण के लिए दान देने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट किया, 'यह बहुत खुशी की बात है कि अयोध्या में हमारे श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण प्रारंभ हो गया है। अब योगदान की हमारी बारी है। मैंने शुरूआत की है। आशा है कि आप सब भी इस अभियान से जुड़ेंगे।

## कड़ाके की ठंड के बीच IMD ने इन राज्यों के लिए जारी किया बारिश का अलर्ट

**मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के चुरु में रविवार को 1.9 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। वहीं पहाड़ों में भारी बर्फबारी हो रही है। हिमाचल के शिमला मनाली और उत्तराखंड के कई इलाके बर्फ की चादर में ढके हुए हैं।**

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** उत्तर भारत के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली-एनसीआर में सुबह, शाम और रात के समय घना कोहरा छाया रहता है। दिल्ली का तापमान न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। वहीं, पश्चि राजस्थान के चुरु में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश में कुछ इलाकों में घने कोहरे की संभावना अगले दो-तीन दिनों तक अभी भी बनी हुई है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में शीत लहर भी चल रही है। इससे न्यूनतम तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के चुरु में रविवार को 1.9 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। वहीं, पहाड़ों में भारी बर्फबारी हो रही है। हिमाचल के शिमला, मनाली और उत्तराखंड के कई इलाके बर्फ की



चादर में ढके हुए हैं। दक्षिण भारत के मौसम की बात करें तो यहां आइएमडी ने तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के आसपास के क्षेत्रों में अगले दो-तीन दिनों यानी 19 जनवरी तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अभी तक पूरे तमिलनाडु राज्य में जनवरी की रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। जनवरी के दौरान तमिलनाडु में इस महीने में कुल बारिश 15.5 मिली मीटर (एमएम) दर्ज की गई। तमिलनाडु के 37 जिलों में 1 से 14 जनवरी के बीच जनवरी में सबसे अधिक बारिश हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को उत्तरी, उत्तर-मध्य और पूर्वोत्तर भारत के कुछ स्थानों पर घने कोहरे की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने राजस्थान से लेकर उत्तर बंगाल तक, मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे और भीषण ठंड की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, रविवार को पूरे भारत में न्यूनतम तापमान सामान्य या औसत से अधिक देखने को मिला है। आने वाले कुछ दिनों में उत्तरी, मध्य और पूर्वी भारत में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जो कि पश्चिमी और पूर्वोत्तर भारत में हवा की स्थिति खराब देखने को मिल सकती है।

## सभी राज्यों में पुलिस अधिकारियों को सिटीजन कॉप ऐप उपयोग करने की सलाह

**गूगल प्ले स्टोर से एप को अब तक पांच लाख मोबाइल उपभोक्ता डाउनलोड कर चुके हैं। इसे बनाने वाले सिटीजन कॉप फाउंडेशन के संस्थापक राकेश जैन का कहना है कि महाराष्ट्र में एप की शुरूआत करने के लिए वहां के अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं।**

**गजेंद्र विश्वकर्मा, इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में वर्ष 2013 से इस्तेमाल किए जा रहे सिटीजन कॉप ऐप की उपयोगिता को देखते हुए अब देश के सभी राज्यों में लागू करवाने की तैयारी चल रही है। पूरे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इसका उपयोग हो रहा है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने हर जिले के पुलिस अधिकारियों को एप का उपयोग करने संबंधी सलाह देते हुए पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि पुलिस के साथ जनता को सीधे जोड़ने वाले ऐप को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसे लागू करवाने के लिए किसी तरह के फंड की जरूरत भी नहीं है।

गूगल प्ले स्टोर से एप को अब तक पांच लाख मोबाइल उपभोक्ता डाउनलोड कर चुके हैं। इसे बनाने वाले सिटीजन कॉप फाउंडेशन के संस्थापक राकेश जैन का कहना है कि महाराष्ट्र में एप की शुरूआत करने के लिए वहां के अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। जल्द ही वहां भी इसका उपयोग जनता कर सकेगी। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा जारी पत्र के आधार पर अगर अन्य राज्य एप को अपनाना चाहते हैं तो एक ही एप में उनके राज्यों के लिए भी अलग से विकल्प तैयार कर दिए जा सकते हैं। इससे हर राज्य को जनता से पुलिस और प्रशासन को जोड़े रखने के लिए अलग से कोई एप बनाने की जरूरत नहीं होगी।

**ये हैं विशेषताएं-** एप के माध्यम से आम जनता 24 घंटे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क कर सकती है। - अधिकारी भी जनता से जुड़े रह सकते हैं।

- पुलिस को कोई भी गोपनीय जानकारी बिना पहचान बताए प्रेषित की जा सकती है। - परिवार के सदस्यों के लिए माय सेफ जोन सुविधा दी गई है। इससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गो की सुरक्षा जीपीएस लोकेशन से की जा सकती है।

- एप पर हेल्प मी और ट्रैवल सेफ सुविधा भी दी गई है। इसमें यात्रा करते समय टैक्सी या बस का नंबर और लोकेशन फिट कर अपनी जानकारी सिटीजन कॉप एप के सर्वर में जमा कर सकते हैं।

- एप पर ट्रैफिक और अन्य समस्याओं की जानकारी भी फोटो, वीडियो और आवाज संदेश के साथ भेजी जा सकती है।

- इसी तरह ट्रैफिक आइक्यू, ट्रैक माय लोकेशन, व्हीकल सर्च, रिपोर्ट लुकअप जैसे कुछ फीचर्स दिए गए हैं।

बहुत उपयोगी फीचर्स हैं ऐप में

**ट्रैवल सेफ :** इस विकल्प में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गो की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उदाहरण के तौर पर बच्चे अगर स्कूल या कोचिंग जाते हैं तो उनकी जीपीएस लोकेशन पहले से तय की जा सकती है। अगर बच्चा तय लोकेशन से अलग जाता है तो उसकी जानकारी एसएमएस द्वारा घर के सदस्यों को मिल जाती है।

**एसओएसः** किसी स्थान पर अगर महिला या कोई व्यक्ति परेशानी में है या अपराध होने की स्थिति बनती है तो एप पर मौजूद एसओएस बटन को तीन बार दबाकर अपनी लोकेशन पुलिस तक पहुंचाई जा सकती है।

**रिपोर्टः** शहर में अगर किसी जगह पर अपराध होने का अंदेशा रहता है तो उसकी जानकारी एप से दी जा सकती है।

**मोबाइल ट्रैकिंगः** गुम या चोरी हुए मोबाइल की जानकारी आइएमईआइ नंबर के साथ एप पर दी जा सकती है। शिकायत के आधार पर पुलिस मोबाइल को ट्रैकिंग पर लगाती है। एप के माध्यम से अब तक 45 हजार से ज्यादा मोबाइल को ढूंढ निकाला गया है। इनकी कीमत करीब 70 करोड़ रुपये है।

## कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने कहा- क्या गरीबों और वंचितों को मुफ्त में लगेगा कोरोना का टीका


**नई दिल्ली, प्रेट्र।** देश में कोरोना टीकाकरण अभियान शुरू होने के अगले ही दिन रविवार को कांग्रेस ने पूछा कि क्या सभी भारतीयों, खासकर वंचितों और गरीबों को मुफ्त टीका लगाने की सरकार की योजना है और यह कब लगाया जाएगा? पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सरकार दावा करती है कि टीकाकरण अभियान के पहले चरण में तीन करोड़ लोगों को टीका लगाया जाएगा, लेकिन इस बारे में कुछ नहीं बताया गया है कि क्या भारत की शेष आबादी को टीका लगाया जाएगा और क्या यह मुफ्त लगाया जाएगा? उन्होंने कहा कि क्या सरकार को पता नहीं कि देश में 81.35 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून के तहत सब्सिडी वाले राशन के हकदार हैं? अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों, गरीबों और वंचितों को टीका मुफ्त में लगाया जाएगा या नहीं ? अगर हां, तो टीकाकरण की क्या योजना है और कब तक सरकार मुफ्त टीकाकरण कराएगी।

## कृषि मंत्री ने कहा- कानून रद करने के अलावा विकल्प बताएं किसान संगठन

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** सरकार ने आंदोलनकारी किसान संगठनों से 19 जनवरी को होने वाली बैठक में तीनों कानूनों पर बिंदुवार चर्चा के लिए तैयार होकर आने को कहा है। कानून के किसी बिंदु पर किसान नेताओं को अगर कोई एतराज हो तो उस पर सरकार चर्चा के साथ संशोधन पर विचार कर सकती है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा कि कृषि सुधार के कानूनों के अमल पर शीर्ष अदालत की रोक के बाद जिद का सवाल ही खत्म हो गया है। किसानों के पास कानूनों को रद करने के अलावा कोई और विकल्प हो तो वे सरकार के सामने रख सकते हैं।

कृषि मंत्री ने उम्मीद जताई कि किसानों की बैठक में सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। इसी के आधार पर तैयार प्रस्तावों के साथ आंदोलनकारी किसान 10वें दौर की वार्ता में हिस्सा लेंगे। तोमर ने कहा कि अगले दौर की वार्ता में किसान संगठन तीनों कृषि कानूनों पर चर्चा कर अपनी आपत्ति बताएं तो सरकार उन पर विचार करेगी। उन्होंने इस बार किसान नेताओं की शंकाओं का समाधान होने और वार्ता सफल रहने की उम्मीद जताई है। आंदोलनकारी किसान संगठनों के साथ कृषि मंत्री तोमर की अध्यक्षता वाला मंत्री समूह लगातार वार्ता कर रहा है।

दूसरी ओर, 53 दिन से प्रदर्शन कर रहे किसान संगठन लगातार अड़ियल रवैया अपनाए हुए हैं। इसीलिए अपने प्रदर्शन को तेज करने की अपनी पूर्व निर्धारित योजना पर आगे बढ़ने पर जोर दे रहे हैं। कृषि मंत्री ने हैरानी जताते हुए कहा कि सरकार हर बार सकारात्मक तरीके से अपनी बात कह रही है, लेकिन किसान संगठन टस से मस होने को तैयार नहीं हैं। वे तीनों कानूनों को रद करने की जिद पर अड़े हुए हैं। संसद में



पारित कानून पूरे देश के लिए होता है। इन तीनों कानूनों से देश के अधिकांश किसान, विद्वान, वैज्ञानिक और कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लोग पूरी तरह सहमत हैं और इनके समर्थन में खड़े हैं।

वार्ता में समाधान न निकलने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी हस्तक्षेप करते हुए आदेश जारी किया है। कोर्ट ने तीनों कानूनों के अमल पर फिलहाल रोक लगाते हुए एक विशेषज्ञ कमेटी का गठन कर दोनों पक्षों को अपनी बात रखने को कहा है। किसान संगठनों ने कानूनों के अमल पर रोक का तो स्वागत किया, लेकिन उसकी गठित कमेटी के समक्ष जाने से मना कर दिया है।

जिन कानूनों को रद करने पर प्रदर्शनकारियों का जोर है, उनके सभी प्रावधानों पर चर्चा के लिए सरकार तैयार है। सरकार ने खुद पहल करते हुए विभिन्न बिंदुओं के एक प्रस्ताव पर उनकी राय मांगी थी, लेकिन उस पर वे चर्चा को तैयार नहीं हुए। सरकार हर बार की तरह 19 जनवरी को भी समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत को तैयार है - नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय कृषि मंत्री।

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि किसानों की आय दोगुनी करना नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। तीनों कृषि कानून किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता संभालने के बाद से मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र का बजट बढ़ाया है और कई फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है।

## महाराष्ट्र, हरियाणा में मुर्गियों को मारने का सिलसिला जारी

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में पोल्ट्री फॉर्म की मुर्गियों को मारे जाने का सिलसिला जारी है। वहीं, मुंबई और मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में भी पोल्ट्री में बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि हुई है। अब तक 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों- छत्तीसगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और गुजरात में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि, केंद्र ने राज्यों से अनुरोध किया है कि वे पोल्ट्री फार्म की मुर्गियों और इनसे संबंधित उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसलों पर पुनर्विचार करें और गैर-संक्रमित क्षेत्रों और राज्यों से इन उत्पादों की बिक्री की अनुमति दें। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय पोल्ट्री विकास संगठन (सीपीडीओ), मुंबई और मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में खेड़ा रोड पर पोल्ट्री में बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि की गई है। बयान में कहा गया है कि पोल्ट्री में ही नहीं, बल्कि पन्ना, सांची, रायसेन और बालाघाट में कौओं, श्योपुर में कौओं और उल्लू जबकि मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में हंस और कबूतर में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि की गई है। इसी तरह उत्तराखंड़ के हरिद्वार और लैंसहाउन से भी कौओं के नमूनों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। इसके अलावा दिल्ली के रोहिणी में बगुलों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र पशुपालन विभाग ने किसानों को पक्षियों की किसी भी असामान्य मृत्यु की रिपोर्ट करने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू की है। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि मध्य प्रदेश में रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरपी) तैनात की गई है।

## सूरत से कोलकाता जा रहा इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**गुजरात के सूरत से कोलकाता जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6-ई 357 में दोपहर करीब 11.45 बजे विमान के कॉकपिट से धुंआ निकलने लगा। इससे यात्री घबरा गए। चालक दल ने निकटतम एयरपोर्ट होने के कारण भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग की।**



**राज्य ब्यूरो, भोपाल।** गुजरात के सूरत से कोलकाता जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6-ई 357 में दोपहर करीब 11.45 बजे विमान के कॉकपिट से धुंआ निकलने लगा। इससे यात्री घबरा गए। चालक दल ने निकटतम एयरपोर्ट होने के कारण मध्य प्रदेश के भोपाल एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम (एटीसी) से संपर्क किया। एटीसी की अनुमति मिलते ही राजा भोज एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 178 यात्री सवार थे।

एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक विमान के इंजन से असामान्य आवाज आ रही थी। उड़ते विमान में धुंआ उठता देख यात्री घबरा गए। पायलटों द्वारा तुरंत भोपाल एटीसी को पूरी स्थिति की जानकारी दी गई। एटीसी ने तत्काल इमरजेंसी लैंडिंग के प्रबंध कराए।

दोपहर 12.10 बजे विमान कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच टैक्सी-वे के पास लैंड हुआ। विमान के चालक दल ने तकनीकी खराबी को देखते हुए सही समय पर सुरक्षित लैंडिंग की व्यवस्था कराई, इस कारण अनहोनी टल गई। विमान लैंड होने के बाद यात्रियों को बताया गया कि जल्द ही खराबी ठीक कर ली जाएगी। यात्रियों को अंदर ही बैठे रहने को कहा गया। इंडिगो के इंजीनियरों एवं तकनीकी टीम ने विमान की खराबी को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन इसमें विलंब होता गया।

कंपनी ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए नागपुर से दूसरा विमान बुलवाया। यह विमान शाम चार बजे भोपाल से कोलकाता के लिए रवाना हुआ। विमान आने तक यात्रियों को सिक्योरिटी होल्ड एरिया में स्वल्पाहार कराया गया। खराब हुए विमान को रन-वे के अंतिम छोर पर खड़ा किया गया। विमान को सुधारने के प्रयास देर रात तक जारी थे।

विमान में फ्लाइंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई थी। चालक दल ने सावधानी वश विमान को भोपाल में लैंड करने की अनुमति मांगी थी। सूचना मिलते ही हमनें सुरक्षित लैंडिंग के इंतजाम किए। यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं हुई- अनिल विक्रम, डायरेक्टर, राजा भोज विमानतल, भोपाल।

## संक्षेप समाचार

### गबन की शिकायत की जांच करने पहुचे मनरेगा लोकपाल

**करछना।** विकास खंड करछना के अंतहिया गांव मे अशोक कुमार व विनोद कुमार के द्वारा सरकारी धन के गबन की शिकायत पर जाचं मनरेगा लोकपाल गांव पहुंचकर स्थलीय जांच करते हुए लोगों से विभिन्न शिकायती बिंदुओं पर बात की और कराये गये विकास कार्यो की जानकारी ली। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण शिकायत के बावत बिंदुवार जानकारी देते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की जिसपर लोकपाल ने लोगों को भरोसा दिलाया कि जांच मे जो भी दोषी पाये जाएगें उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी है।

### राष्ट्रीय संत असंग देव जी का सुखद सत्यसंग प्रवचन

**सिरसा।** सहसों क्षेत्र में रोहित गेस्ट हाउस कसेरुबा, कांदी रोड सहसों प्रयागराज में विश्व विख्यात परम आदरणीय संत असंग देव जी के मुख से प्रवचन का आनन्द ले और सत्संग और प्रवचन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्यक्रम रहेगा।

### कांग्रेश नेता संजय तिवारी की माता के निधन पर शोक

**सहसों।** भारद्वाज गुरूकुलम विद्यालय देवनहरी रुदापुर में रविवार को कांग्रेश नेता संजय तिवारी की माता के निधन पर कांग्रेश पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई द्य इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष और महामंत्री रहे कांग्रेश पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय तिवारी जी की माता श्रीमती फुलवंती देवी का निधन 14 जनवरी को हो गया। वे 97 वर्ष की थी। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। इस अवसर पर मृतक आत्मा के प्रति दो मिनट का मौन रखते हुए ईश्वर से शोक संतप्त परिवार और आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को सहनशीलता प्रदान करे द्य सभा में कांग्रेश पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय, गोपाल कृष्ण द्विवेदी उर्फ राजा बाबूए कमलाकांत मिश्रा, सलीम टाइगर, रघुनाथ द्विवेदी, इस्तियाक अहमद, राकेश तिवारी पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन, एहतेशाम अहमद, आसिफ अली सलमानी, संतोष दुबे, भोलानाथ तिवारी, रिंकू तिवारी, राजेश कुमार, राकेश कुमार, राम दुलार यादव, मुन्ने बाबू, राकेश पटेल, आदर्श प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में किसान की हत्या

## जमीनी विवाद में हत्या से दहला खीरी थाना क्षेत्र


**खीरी।** खीरी थाना अन्तर्गत ग्राम सिरहिर में एक किसान की पहले से आबादी की जमीन थी। जिसका विवाद पिछले कई सालों से चला आ रही था। उक्त भूमि को इन्द्र देव मिश्रा 55 वर्ष पुत्र स्व. राम नरेश मिश्रा उक्त जमीन पर भवन निर्माण कराने के लिए जेसीबी मशीन को बुलाकर गढ्ढा की खुदाई करवा रहे थे, कि दूसरा पक्ष साबर/राड से वार कर दिए। घायल को उपचार के लिए शहर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गई। वही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतक इन्द्र देव मिश्रा का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गये।

बताया जाता है कि घायल उर्मिला देवी 50 पत्नी स्व. राम जी मिश्र, दिनेश उर्फ बबलू मिश्रा उम्र 20 अन्नू देवी पत्नी विनोद 22 वर्ष



विवाद में हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व जुटी भीड़

निलमा देवी उम्र 22 वर्ष पत्नी रितेज, सविता कुमारी उम्र 18 पुत्री इन्द्र देव घायल हुए है। विपक्ष महेन्द्र सिंह, संजय सिंह, रिपू सिंह, चांद सिंह मनिया निवासी मोजरा, चांद, पटेहरा मारपीट कर फरार हो



मृतक की फाइल फोटो

गए हैं । उक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई खीरी पुलिस कर रही है। मामले में खीरी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का कहना है कि सूचना के आधार पर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में उपस्थित चिकित्सक व टीम

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**लालापुर।** लालापुर तरहार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन रविवार को किया गया, आरोग्य स्वास्थ्य मेले से क्षेत्र की जनता को शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, और आरोग्य स्वास्थ्य मेले के माध्यम से निःशुल्क में लोगों को चिकित्सकों द्वारा इलाज व परामर्श मिल रहा है। क्षेत्र के लोग मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले से ज्यादा से ज्यादा जुड़े और अपनी बीमारियों का समुचित इलाज करवाएं। डॉक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि क्षेत्र में एंबुलेंस से मरीजों को लाया जाता है और उनका इलाज करके उन्हें घर वापस भेजा जाता जाता है। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालापुर में डॉ पुनीत कुमार, दिनेश कुमार सिंह नेत्र परीक्षण, दिनेश सिंह फार्मासिस्ट, सांवरे लाल शुक्ला वार्ड बॉय, गीता सिंह, ममता सिंह एवं आंगनवाड़ी की सुपर वाइजर एवं स्वास्थ्य विभाग की अन्य टीम उपस्थित रही।

# लाखों की लागत से बने नवनिर्मित शौचालय की हालत जर्जर

**नैनी।** स्वच्छ भारत मिशन को लेकर नगर-निगम नैनी जोन में कोई संजीदगी दिखाई नहीं दे रही। सब्जीमंडी में स्थित सार्वजनिक शुलभ शौचालय का हाल-बेहाल है। लोग मजबूरी में इसका उपयोग कर रहे हैं। लाखों की आबादी वाले नैनी में काफी रकम खर्च कर कई सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं। अकेले मीरजापुर हाइवे के किनारे नैनी जेल, काटन मिल, शंकरढाल, मेवालाल की बगिया, सब्जीमंडी, नई बाजार, आईटीआई कंपनी, सढ़वा मोड़, बीपीसीएल कंपनी के पास सुलभ शौचालय निर्माण किए गए हैं। 75 प्रतिशत लोग घरों से बाहर निकल जाने के बाद सार्वजनिक सुलभ शौचालय का उपयोग करते हैं। इस लिहाज से सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना जरुरी है।

शौचालयों की स्थिति यह है कि यहां बैठना भी मुश्किल हो रहा है। बावजूद मजबूरी में लोग शौचालय का उपयोग कर रहे हैं। शौचालय की साफ-सफाई पर कोई ध्यान






नवनिर्मित शौचालय की दीवार और छत में बड़ी दरारों के दृश्य

नहीं दिया जा रहा है। जबकि नगर - निगम के जिम्मेदार लोग कचरा वाहन लेकर गली-मोहल्ले में जाकर लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहे। वहीं शौचालयों की हालत यह है कि उसके पास से भी गुजरना मुश्किल है। इन शौचालयों से उठती बदबू के चलते आसपास के लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।

लोग शौच के दौरान दीवारों पर गुटखा खाकर थूक देते हैं, जिससे शौचालय की दीवार पर गंदी हो गई है। रोजाना सुबह बड़ी संख्या में लोग शौचालय का प्रयोग करते हैं। शौचालय जाम होने की वजह से उसमें जाना पसंद नहीं करते। सब्जीमंडी में तीन - तीन शौचालय हैं जहां रहने वाले सफाई कर्मी मनमाने तरीके से काम करते हैं। आपको बतादेंकि अभी तक तो बाथरूम करने का कोई शुल्क नहीं लिया जाता था,लेकिन अब तो बाथरूम करने का भी शुल्क वसूला जाता है, भुकतान न करने पर अभद्रता भरी भाषा का उपयोग करते हुए भगा दिया जाता है। वहीं पानी की टंकी के पास फलों की दुकानों के पीछे बने नये शौचालय की दीवार और छत में गहरी दरार हो गई है। जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। इसमें तैनात सफाई कर्मी कब आता है और कब ताला लगाकर चल देता है, किसी को नहीं पता चलता। सफाई नहीं होने से शौचालय हमेशा गंदा रहता है। लोग मजबूरी में इसका प्रयोग किया करते हैं। इस शौचालय के ठीक बगल में एक और सार्वजनिक शौचालय हैं जहां तैनात महिला सफाई कर्मी ने शौचालय को अपने अंडर में घेरकर अपनी दुकान खोल रखी है। जहां उसका सारा समय दुकान पर समान बेचने में चला जाता है। जिससे वहां के शौचालय में गंदगी के साथ - साथ लोगों को उठते हुए बदबू का भी सामना करना पड़ता है। जहां सरकार से वेतन मिलने के साथ - साथ ऊपरी कमाई में भी पूरा का पूरा ध्यान लगा रहता है।

# डाक्टर के0बी0सिंह मार्ग दुर्घटना में घायल



हादसे में क्षतिग्रस्त कार का दृश्य

**कोरांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डा0 के0बी0सिंह व उनके चालक का रामपुर करछना के पास कार में ट्रक द्वारा टक्कर मारने से एक्सीडेंट हो गया। जिसमें सीएचसी कोरांव के अधीक्षक के0बी0 सिंह घायल हो गये और कार चालक को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें उपचारार्थ हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्नानर्थियों से भरी बोलेरो ट्रक के टक्कर से डिवाइडर से टकरा पलटी, आधा दर्जन घायल

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के अमिलिया गांव के सामने हाईवे पर स्नानर्थियों से भरी बोलेरो को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा पलट गई जिसमें सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए जिन्हें पास के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। रीवा जनपद के त्योथर बाजार निवासी राम अनुज बिंद (65) शनिवार के दोपहर निजी बोलेरो से परिवार सहित संगम स्नान करने पहुंचे थे। शनिवार देर रात मेला घूमने के बाद घर वापस हो रहे थे कि जैसे ही वह घूरपुर क्षेत्र के अमिलिया गांव के सामने हाईवे पर पहुंचे की पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने ओवरटेक करते समय बोलेरो में टक्कर मार दी जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा पलट गई। जिसमें सवार राम अनुज बिंद सहित पत्नी श्याम कली (60) बेटा विनोद (40) व सुरेश (30)बहू गीता (35) व बेटी सरिता (22) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को बाहर निकाल पास के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। और वाहन को बीच हाईवे से हटाया।

# अवैध कच्ची शराब कारोबारियों के यहां आबकारी टीम का छापा

**फूलपुर सर्किल के आबकारी निरीक्षक नेहा कुमारी सिंह द्वारा क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों पर लगातार कार्यवाही**

**हनुमानगंज।** जिले में गत दिनों जहरीली शराब की सेवन से 7 लोगों की मौत के बाद आबकारी विभाग अब पूरी तरह से सजग हो चुकी है। जिसको लेकर फूलपुर सर्किल की आबकारी टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर बड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसको लेकर आबकारी आयुक्त ई.आई.बी. व उप आबकारी आयुक्त प्रयागराज प्रभार, प्रयागराज उत्तर प्रदेश के निर्देशन पर प्रदेश में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत शनिवार को आबकारी विभाग द्वारा सोरांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरी गांव में अवैध कच्ची शराब



छापेमारी के दौरान पकड़ी गयी शराब की भट्ठियां

के निर्माण व बिक्री के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक फूलपुर द्वारा संयुक्त टीम एसएसएसएफ व प्रवर्तन प्रयागराज टीम के साथ ताबड़तोड़ दबिश दी गई जहाँ बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बनाने का कारोबार चल रहा था। वहीं धधक्ती दस भट्ठियाँ तोड़ी गई और खेत में जमीन के अंदर गड़ा प्लास्टिक के जरिकेन में रखा 65 लीटर कच्ची शराब तथा बनाने का उपकरण बरामद किया गया। और 15 कुन्तल तक महुए का लहन भी नष्ट किया गया। तथा दो फरार व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया।

टीम में शामिल नेहा कुमारी सिंह आबकारी निरीक्षक फूलपुर,



कार्रवाई करती आबकारी टीम

कौशलेन्द्र सिंह आबकारी निरीक्षक हंडिया, रोहन कुमार आबकारी निरीक्षक करछना, अमित श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक एसएसएसएफ, एवं हमराह स्टाफ उपस्तिथ रहे।

# गरीबों के मसीहा बने समाजसेवी, जलवाया अलाव



भीषण ठण्ड में अलाव तापते लोग

**करछना।** भीषण ठंड को देखते हुए आज माँ सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनायक पण्डित और अधिवक्ता सतीश तिवारी के द्वारा मेन रोड पर रोकड़ी, डांडो, नेवादा, मछहर पुरवा मोरी पर अलाव जलवाया गया जिससे लोगों ने संस्थान के कार्य की खूब प्रसंसा की और कहाँ कि संस्थान बहुत आगे जाएगी

जिसमें मुख्य रूप से धनीराम तिवारी, नवीन केसरवानी सचिव, उपाध्यक्ष विनोद ठाकरे, सूरज तिवारी, छोटू कोल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# युवती के साथ बलात्कार का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**मऊआइमा।** युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है। परन्तु आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से थरवई क्षेत्र का एक युवक रिश्तेदार के यहां आते जाते एक युवती से अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि उसे भगा ले गया तथा एक महीने तक बलात्कार करता रहा। जब भी युवती शादी के लिए कहती युवक आज कल पर टालता रहा । आरोप है कि बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। युवती की मां मऊआइमा थाने में बेटी को लेकर फरीयाद लगाती रही। परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई ।

### खेत में बकरी चली जाने के विवाद में मार पीट, मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। खेत में बकरी चली जाने को लेकर विवाद में दो पक्षों में मार पीट हो गई। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम धरौता निवासनीय गुडिया सिंह पत्नी शिव कुमार सिंह का आरोप है कि खेत में बकरी चली जाने से उसे और परिजनों को उनके विपक्षियों ने मारा पीट कर जख्मी कर दिए और जान से मारने की धमकी दिए। गुडिया सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दीपक सिंह ,दुर्गावती सिंह ,हनुमंत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है ।

### कोहरे और पाले से फसल प्रभावित फिर लौटी ठंड

**करछना।** बीते तीन दिनों में दोपहर में कड़ी धूप के चलते लोगों ने राहत की सांस ली थी किन्तु सुबह घंटों छाये कोहरे और शाम होते ही बढ़ती गलन के साथ फिर ठंड़ लौट आई। सुबह काफी देर तक घना कोहरा छाया रहा और गलन भी बढ़ गई। इसके चलते मंकर संक्रान्ति पर्व पर संगम स्नान की तैयारी में जुटे लोगों को भी काफी असुविधा हुई। बढ़ती गलन को देखते हुए भीरपुर स्थित राज हार्डवेयर और भड़ेवरा में समाजसेवियों द्वारा राहगीरों के लिए अलाव की व्यवस्था की गई। उधर करछना क्षेत्र के किसानों में कोहरे और पाले के चलते मायूसी छाई है। किसानों का कहना है कि लगातार ऐसे मौसम में सरसो के साथ अन्य दलहनी तिलहनी और सब्जी वाली फसलों पर कोहरे पाले का बुरा असर पड़ेगा। जिससे पैदावार भी प्रभावित हो सकती है।

# सपाइयों ने नवनिर्वाचित एमएलसी का किया स्वागत



नवनिर्वाचित एमएलसी डॉ मान सिंह यादव का स्वागत करते समर्थक

**सिरसा।** विधानसभा मेजा में झांसी प्रयागराज स्नातक क्षेत्र से निर्वाचित एमएलसी डॉक्टर मान सिंह यादव का अमिलहवा चौराहा सिरसा और रामनगर इंजीनियर इम्तियाज अहमद एडोकेट के आवास पर जोरदार स्वागत करते हुए फूलमालाओं से लाद दिया। एमएलसी डाक्टर मान सिंह यादव ने कहा कि ये जीत समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओ के मेहनत और परिश्रम की जीत है। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से नगर पंचायत सिरसा चेयरमैन श्याम कृष्ण सिंह यादव 'पप्पू यादव' विधानसभा अध्यक्ष मेजा समाजवादी पार्टी, मोनू आदि रहे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### प्रयागराज में तीन माह का बकाया बिल नहीं जमा करने वालों के कटेंगे कनेक्शन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के ऐसे बिजली उपभोक्ता ध्यान दें जिन्होंने तीन माह तक बिजली का बिल जमा नहीं किया है। क्योंकि अब 10 या इससे अधिक के बकाएदारों के साथ ही उन लोगों के भी कनेक्शन काटे जाएंगे जो तीन माह तक बिजली के बिल का भुगतान नहीं करेंगे। इसके लिए अक्टूबर से दिसंबर तक भुगतान न करने वालों की सूची तैयार की जा रही है। 20 जनवरी के बाद ऐसे बकाएदारों का कनेक्शन काटा जाएगा। राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए लगातार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के उच्चाधिकारी जोर दे रहे हैं। हर दूसरे दिन इसकी ऑनलाइन समीक्षा भी हो रही है, लेकिन प्रगति उतनी नहीं है, जितनी अपेक्षा की जा रही है। इसलिए अब बिजली विभाग ने तीन माह तक बिजली के बिल का भुगतान न करने वालों के कनेक्शन काटने का फैसला किया है। इन पर चाहे एक हजार बकाया हो या दो हजार, बस तीन माह का बकाया होने पर लाइन काट दी जाएगी। अभी तक बिजली विभाग दस या इससे अधिक के बकाएदारों के ही कनेक्शन काटता रहा है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इससे राजस्व वसूली में वृद्धि होगी। साथ ही बकाएदारों की संख्या भी कम होगी। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के यहां तो सिर्फ दो माह के बकाए पर ही बिजली कट जाती है। ऑनलाइन बिजली कटने के बाद पूरा भुगतान करने के बाद ही इसे चालू किया जाता है। इसमें केबल काटने की भी जरूरत नहीं पड़ती। मुख्य अभियंता ओपी यादव का कहना है कि उपभोक्ताओं को चाहिए कि वह हर माह बिजली के बिल का भुगतान कर दें। बकाया होने पर तेजी से सरचार्ज बढ़ता है, जिस कारण बकाए की राशि में बढ़ोत्तरी हो जाती है। अब तीन माह तक के बिजली का बिल बकाया होने पर लाइन काटी जाएगी। पुनः कनेक्शन तभी जोड़ा जाएगा, जब शत प्रतिशत बकाए का भुगतान होगा।

## अतीक के बिजनेस पार्टनर का पीडीए ने ढहाया मकान

**प्रयागराज।** पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के बिजनेस पार्टनर रहे मुस्लिम मोहम्मद अब्बास और आबिद प्रधान के मकान पर रविवार को पीडीए का बुलडोजर चला। देखते ही देखते दो मंजिला मकान को ध्वस्त करने में पीडीए का बुलडोजर जुट गया। प्रयागराज में माफियाओं के खिलाफ योगी सरकार का शिकंजा कसता ही जा रहा है। मेन अपराधियों के साथ-साथ उनके गुर्गों पर भी योगी सरकार की जबरदस्त कार्रवाई हो रही है।

अहमदाबाद जेल में बंद माफिया अतीक अहमद और उनके खास लोगों के अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा रहे हैं। रविवार को धूमनगंज थाना क्षेत्र के अतीक के करीबी मुस्लिम मोहम्मद अब्बास और आबिद प्रधान के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। रविवार को पीडीए और पुलिस का दस्ता धूमनगंज इलाके के बमरौली पहुंचा तो आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। वहां अतीक के खास करीबी



पीडीए की कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस बल

मोहम्मद मुस्लिम, मोहम्मद अब्बास और आबिद प्रधान के अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हो गई। शाम तक विकास प्राधिकरण का बुलडोजर ध्वस्तीकरण में लगे रहे। सड़क पर पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बमरौली में अतीक अहमद के बिजनेस पार्टनर मोहम्मद मुस्लिम और मोहम्मद अब्बास ने जीटी रोड पर अवैध रूप से निर्माण करा लिए थे। उनका नक्शा भी नहीं पास कराया गया था। रविवार को पीडीए का दस्ता बमरौली पहुंचा और उन दोनों के अवैध मकान और अन्य निर्माण को बुलडोजर से तोड़ना शुरू कर दिया। सड़क के पास होने की वजह से पीडीए की कार्रवाई शुरू होने पर राहगीर रूककर देखने लगे। इस वजह से आवागमन बाधित होने लगा तो पुलिस ने सक्रिय होकर लोगों को हटाना शुरू किया। उन दोनों के अलावा आबिद प्रधान के भी एक और अवैध रूप से तैयार मकान पर पीडीए का बुलडोजर चला। शाम तक अवैध निर्माण ढहा दिए गए। आबिद प्रधान के एक मकान को पिछले दिनों पीडीए ढहा



आबिद प्रधान का अवैध मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी

चुका है। आबिद के अलावा उसके भाई फरहान के भी अवैध रूप से निर्मित मकान को तोड़ा गया है। शहर के धूमनगंज, करेली, खुल्दाबाद, झूंसी, नैनी, बेली गांव, औद्योगिक क्षेत्र, अल्लापुर में माफिया अतीक अहमद, ज्ञानपुर के विधायक विजय मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख चाका दिलीप मिश्रा, गैंगस्टर बच्चा पासी, राजेश यादव, गणेश यादव और उनसे जुड़े लोगों के अवैध रूप से बने निर्माण तोड़े जा चुके है। रविवार तक विकास प्राधिकरण के दस्ते 47 अवैध मकानों को ध्वस्त कर चुका है।

## माघ मेला में गिरोह बनाकर लूटपाट करने वाले पुलिस की गिरफ्त में




पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र से कीडगंज पुलिस ने रविवार को लूटपाट करने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह शातिर किस्म के लोग श्रद्धालुओं के साथ लूटपाट करते थे। इन सभी का एक संगठित गिरोह है जो दूरदराज से आए माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं से बारगेनिंग करते हैं। सुन सान जगह देख कर उनको शिकार बना देते हैं पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपना नाम पता रहीम, मोहम्मद आलम, मोहम्मद फिरोज बताया है। इनके पास से विदेशी पचास रियाल के नोट तथा 6 देसी बम बरामद किया है।

## मिस्टर जंघई प्रतियोगिता में आर्या बने विजेता


**प्रतापपुर।** डिवाइन जिम कोचिंग सेंटर जंघई में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न बाडी विल्डरों ने अपने भाग्य आजमाएं जिसमें आर्या प्रथम बने जिनको मिस्टर जंघई घोषित किया गया।संदीप यादव द्वितीय, मनोज सरोज को तृतीय स्थान मिला । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मनोज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर पुनीत पांडेय रहे। कार्यक्रम आयोजक विकास सिंह, प्रिंस सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर ललित फरिदी, सोनू सिंह, अरविंद सिंह, हरिकेश सिंह, कुंवर विशाल सिंह, राना सिंह प्रधान, गौरव मालवीय, आशीष शुक्ला, शुभम सिंह, हिमांशु द्विवेदी, अक्षत दुबे, आयुश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिवम हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल



पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल आरोपी, पास में पड़ा तमंचा व बरामद आरोपी की बाइक

**खीरी।** शिवम हत्याकांड का मुख्य आरोपी रविवार को देर शाम खीरी थाना क्षेत्र के कौंडी तिराहे पर पुलिस द्वारा रोके जाने पर भाग रहा था। उसी दौरान जवाबी गोलीबारी हुई। जिसमें अभिषेक कुशवाहा घायल हो गया। जिसे खीरी पुलिस इलाज हेतु सिएचसी कोरांव भेज दिया। मौके से खीरी पुलिस ने बताया कि उसका मोटरसाइकिल व तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। वही बताया गया कि अभिषेक को बाएं पैर के घुटने में गोली लगी। पुलिस ने बताया कि अभिषेक ने एक फायर किया मौके पर एसओजी टीम व खीरी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।



## यमुना की महत्ता को लेकर सुजावन देव धाम पर बैठक आज


**लालापुर।** पतित पावनी माँ यमुना की स्वच्छता एवं निर्मलता हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं प्रयागराज की प्राचीन धरोहर सुजावन देव मन्दिर के संरक्षण, संवर्धन एवं महत्ता हेतु क्षेत्र के धर्मनिष्ट, जागरूक एवं सामाजिक नागरिको की एक बैठक आयोजित की गयी हैं। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी मुकेश द्विवेदी कंजासा ने बताया कि उक्त बैठक सोमवार को पुर्वान्ह 11 बजे से सुजावन देव धाम देवरिया घूरपुर मे होगी। श्री द्विवेदी ने सभी समाज सेवियों से बैठक मे समय पर आने व अपने महत्वपूर्ण राय सलाह से एक दूसरे का मार्ग दर्शन करते हुए सामाजिक जिम्मेवारी का निर्वहन कर यमुनापार की पहचान हम सब की प्राचीन धरोहरो को बचाने मे सक्रिय सहभागिता के साथ सभी का मनोबल बढ़ाने की अपील की है।

## कॉलेज के कर्मचारियों को मिलेगा समान पद, वेतन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 11 संघटक कॉलेजों में कार्यरत गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को समान पद और समान वेतन की सुविधा जल्द दी जाएगी। इसके लिए यूजीसी के डिप्टी सेक्रेटरी कुलविंदर कौर ने रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल को पत्र भेजकर समान वेतन और समान पद की प्रक्रिया के बाबत जवाब मांगा है। साथ ही यूजीसी ने यह व्यवस्था कॉलेजों में जल्द लागू करने का निर्देश भी दिया है।

विदित हो कि इविवि को केंद्रीय दर्जा मिलने के बाद यहां के कार्यरत गैरशैक्षणिक कर्मचारियों को समान पद एवं समान वेतन की सुविधा दे दी गई। लेकिन विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेजों में कार्यरत कर्मचारियों ने रेशनाइलेजशन और पे पैरटी की मांग लगातार कर रहे थे।

यूजीसी की ओर से रजिस्ट्रार को भेजे पत्र में कहा गया है कि 28



फरवरी 2019 को समान पद और वेतन के लिए गठित कमेटी ने इस व्यवस्था को मंजूरी दी थी। इस प्रस्ताव पर वित्त कमेटी ने भी मुहर लगाई थी। ऐसे में यूजीसी ने इविवि प्रशासन से वित्त कमेटी की इस बैठक के मिनट्स तलब किए हैं।

यूजीसी ने यह भी कहा कि इसके पूर्व 14 अक्टूबर 2019 और दो जून 2020 को भी पत्र भेजकर यह मांग की गई थी। इसके बावजूद अब तक इविवि प्रशासन ने यह ब्योरा यूजीसी को नहीं उपलब्ध कराया है। इविवि प्रशासन ने इसके बदले में 19 मार्च 2013 को हुई वित्त समिति की बैठक के मिनट्स भेज दिए हैं। जबकि, उस वक्त समान पद और वेतन के लिए कमेटी नहीं बनी थी। यूजीसी के डिप्टी सेक्रेटरी ने तीसरी बार फिर इविवि को पत्र भेजकर पत्रावलियों की मांग की है। इसके बाद ही कर्मचारियों को समान पद और वेतन का लाभ मिल सकेगा। यूजीसी ने स्पष्ट किया है कि यदि दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं तो इस प्रस्ताव पर आगे विचार नहीं किया जाएगा।

यूजीसी ने कॉलेज के कर्मचारियों के रेशनाइलेजशन के बारे में जानकारी मांगी है। आंतरिक कार्यवाही पूरा करने के बाद यूजीसी को जवाब भेज दिया जाएगा।

**-डॉ. जया कपूर, इविवि पीआरओ**

### क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों का होगा सत्यापन

**प्रयागराज।** क्रय केंद्रों पर धान की बिक्री करने वाले किसानों का खाद एवं रसद विभाग की ओर से सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के लिए विभाग की ओर से रजिस्टर्ड किसानों की खतौनी ऑनलाइन निकाली जाएगी, उसी के आधार पर उनका सत्यापन होगा।धान की खेती न करके भी बिक्री करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सत्यापन की प्रक्रिया धान क्रय केंद्रों पर बिचौलियों की सक्रियता समाप्त करने के लिए की जा रही है। जिला विपणन अधिकारी विपिन कुमार राय ने बताया कि जिले में 32 हजार से अधिक किसानों ने क्रय केंद्रों पर इस बार धान बेचा है। इनका सत्यापन होगा कि इनके पास भूमि कितनी है और उन्होंने कितने क्षेत्रफल में धान की खेती की है। बताया कि बिचौलियों के माध्यम से कई ऐसे लोगों ने धान की बिक्री की जिन्होंने धान की खेती नहीं की। खाद एवं रसद विभाग के कर्मचारी अधिकारी के अलावा लेखपालों को भी सत्यापन कराने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

## एसओजी के हत्थे चढ़े दो तस्कर, 44 किलो गांजा बरामद

**शंकरगढ़।** एसओजी और शंकरगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 44 किलो ग्राम गांजा और एक बोलेरो भी बरामद हुई है। पुलिस ने पूछताछ केबाद दोनों का चालान कर दिया है। यह गिरफ्तारी यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी सीमा के कौंदी पुल के समीप से की गई है।

एसओजी प्रभारी (यमुनापार) वृंदावन राय ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को मुखबिर की सूचना पर दो तस्करों को धर दबोचा गया। वृंदावन राय ने बताया कि शंकरगढ़ थाने की पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर कौंदी पुल के घेराबंदी की गई और दो तस्करों को धर दबोचा। गिरफ्त में आया अभिनंदन सिंह पुत्र उदयबहादुर सिंह व अनुराग सिंह पुत्र दिनेश प्रताप सिंह सराय इनायत थाना क्षेत्र के देवकली का रहने वाला है। इनके कब्जे से एक बोलेरो और 44 किलो गांजा बरामद हुआ है।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि दोनों गांजा लेकर सप्लाई करने जा रहे थे और काफी समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओजी के साथ चौकी प्रभारी नारीबारी मनीष कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल बिट्टू त्रिवेदी आदि शामिल रहे।

## व्यापारियों को प्रताड़ित करने वालों की खैर नहीं : नन्दी

**करछना।** आपके बीच अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन, अल्पसंख्यक कल्याण, राजनीतिक पेंशन, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार की रात करछना थाना क्षेत्र के अंताहिया गांव में प्रवास करने के बाद रविवार को भ्रमण कार्यक्रम जारी रखा। रविवार को मंत्री नंदी ने करछना विधानसभा क्षेत्र के बसही, वीरपुर



व्यापारियों की समस्याओं को सुनते मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'

खाई, भड़ेवरा बाजार, कौआ बाजार बरदाहा बाजार, करछना तहसील बाजार, अकोढ़। बाजार, कौंधियारा बाजार और कर्मा बाजार का भ्रमण किया।

इस दौरान मंत्री नंदी ने बाजार बाजार जा कर व्यापारियों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याएं जानी। व्यापारियों ने भी अपने अगुआ और व्यापारी नेता मंत्री नंदी को पाकर बिजली पानी सड़क आदि के साथ ही व्यापार करने में आ रही समस्याओं एवं अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत मंत्री नंदी से की जिस पर मंत्री नंदी ने कहा कि व्यापारियों को प्रताड़ित करने वालों की अब खैर नहीं उन्होंने कहा कि वह जनता के लिए और व्यापारियों के लिए तो उनके बेटे और भाई हैं, लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों और बदमाशों के लिए सख्त मंत्री हैं।

मंत्री ने दी ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि अगर कोई भी उन्हें प्रताड़ित करता है या परेशान करता है तो वह तत्काल संपर्क कर अवगत कराएं। व्यापारियों ने भी मंत्री नंदी का जोरदार स्वागत किया। लोगों ने अपनी समस्याएं मंदिर में नंदी के सामने रखी। जिस पर मंत्री नंदी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निराकरण भी कराया। मंत्री नंदी ने रविवार को राजाराम गुप्ता, अवधेश चंद केसरवानी, अंकित शर्मा, विष्णु शुक्ला, माता प्रसाद केसरवानी, अजय मिश्रा, शुभम तिवारी, मनोज केसरवानी, ओम बाबू , डॉ हीरालाल केसरवानी, अरुण केसरवानी, बड़कू केसरवानी, रामू केसरवानी, राजू केसरवानी, सुभाष केसरवानी, दिलीप केसरवानी, विनोद केसरवानी आदि रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर में 76 प्रतिशत प्रशिक्षु पास

**प्रयागराज।** डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय की ओर से जारी कर दिया गया। डीएलएड 2018 व 2017 बैच के 76 प्रतिशत प्रशिक्षु पास किए गए हैं। 2018 बैच के 79831 में से 60881 जबकि 2017 बैच के 14528 में से 10407 कुल (75.54 प्रतिशत) प्रशिक्षु पास हुए। सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी के अनुसार परिणाम वेबसाइट पर देखा जा सकता है। डीएलएड प्रशिक्षण 2017 व 2018 चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र 18 से 24 जनवरी तक भरे जाएंगे। परीक्षा 2 से 4 फरवरी तक होगी। डीएलएड 2017 व 2018 के तृतीय सेमेस्टर, बीटीसी 2013, 2014 व 2015 चतुर्थ सेमेस्टर, बीटीसी मृतक आश्रित चतुर्थ सेमेस्टर के कुछ अभ्यर्थियों के परिणाम भी घोषित हुए हैं। नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग 2014-15 और 2015-16 बैच के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, डीपीएड 2014-15 और 2015-16 बैच के द्वितीय सेमेस्टर व सीटी नर्सरी 2015-16 बैच का रिजल्ट भी जारी किया गया है।

## भारत विकास परिषद मंगलम का "स्वामी विवेकानन्द युवा व्याख्यान" संपन्न

**प्रयागराज।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद केसर भवन पन्ना लाल रोड में भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर आधारित एक विशाल व्याख्यान साला संपन्न हुई। जिस के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ आर. वी. श्रीवास्तव तथा ज्ञान प्रभा के राष्ट्रीय संपादक डॉ. चंपा श्रीवास्तव रही। मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. प्रो. श्यामल कुमार मुखर्जी तथा श्री मुकेश बरनवाल जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्वान एवं प्रसिद्ध कथावाचक श्री शांतनु जी महाराज ने किया। अतिथियों का स्वागत भारत विकास परिषद मंगलम के अध्यक्ष तथा मातृ - स्नेह फाउंडेशन के अध्यक्ष और संरक्षक नागेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन बीजेपी पार्षद आशीष गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद का आज के युवाओं के लिए महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा एडिशनल सीएमओ डॉ वी.के. मिश्रा एवं



कार्यक्रम को संबोधित करते नागेंद्र सिंह

लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. सविता अग्रवाल को उनको मुख्य उपलब्धियों के लिए अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर श्री नागेंद्र सिंह, श्री शिवनंदन गुप्त, डॉ आर. वी. श्रीवास्तव एवं श्री शांतनु जी महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। विवेकानंद के जीवनी पर छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। भारत विकास परिषद के अनेक सदस्य, प्राधिकारी श्रीमती निशा जयसवाल, डा. बी. बी अग्रवाल, सुधीर द्विवेदी, सतीश गुप्त, वी.के मित्तल राजीव भार्गव सुनील धवन आदि वरिष्ठ समाजसेवी एवं विद्वत जन उपस्थित रहे।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज सोमवार, 18 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### आग में जल गई नकदी और गृहस्थी का सामान

**कुण्डा।** घर में आग लगने से नकदी व जेवरात समेत गृहस्थी का जरूरी सामान जल गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी रामफेर यादव की पांच बेटियां हैं। तीसरी बेटी गिरिजा की शादी 14 मई को तय है। रामफेर खेती के साथ मजदूरी कर बेटी की शादी का एक-एक सामान जुटा रहा था। शनिवार रात अचानक घर में संदिग्ध हालात में आग लग गई। उस समय घर के लोग गहरी नींद में सोए थे। आग की गर्मी पाकर लोगों की नींद खुली तो हड़कम्प मच गया। शोर मचाते हुए घर के बाहर भागे और जान बचाई। शोर सुनकर दौड़े गांव के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखे 10 हजार रुपये, सोने-चांदी के जेवरात, कपड़े, बर्तन, अनाज समेत बेटी की शादी का सामान भी जल गया। रविवार सुबह लेखपाल रमेश कुरील मौके पर पहुंचे। रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को देने की बात कही।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की दर्दनाक मौत

### हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया



ट्रक की टक्कर से हादसे के बाद घटना स्थल पर लगी भीड़

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम ककोढा के पास स्कूटी सवार माँ बेटे को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी इस हादसे में स्कूटी सवार माँ की मौके पर मौत हो गई है और स्कूटी चालक बेटा गंभीर रूप से घायल है हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए हैं और हादसे की जानकारी पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की जानकारी मिलते ही परिजन और रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज शहर के करेली के रहने वाले सलीम अहमद अपनी माँ रेहाना बेगम को लेकर रविवार की सुबह स्कूटी से सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव में रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में जा रहे थे जैसे ही स्कूटी सवार माँ बेटे कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा गांव के पास पहुंचे की पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दिया ट्रक की टक्कर लगते हैं माँ बेटे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए हादसा देख कर राहगीर भी घटनास्थल रुक गए और आसपास के ग्रामीण भी घटनास्थल पर एकत्रित हो गए देखते-देखते स्कूटी सवार महिला रेहाना बेगम उम्र 55 वर्ष पत्नी इदरीश अहमद निवासी करैली प्रयागराज की तड़प तड़प कर घटनास्थल पर मौत हो गई इस हादसे में स्कूटी चालक सलीम अहमद पुत्र इदरीश अहमद को गंभीर चोटें आई हैं प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ट्रक में बोरी से भरा कबाड़ लदा था जो ट्रक के बाड़ी ऊपर तक था बेतरतीब ट्रक में कबाड़ लाभ दिए जाने से हादसा हुआ है हादसे के बाद ट्रक चालक काफी तेज गति से कानपुर की तरफ भाग निकला पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फिर उजागर हुई पुलिस की बड़ी लापरवाही

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा गांव के पास सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत और उसके बेटे के गंभीर घायल होने के बाद ग्रामीणों ने सैनी कोतवाली और कोखराज कोतवाली पुलिस को ट्रक हादसे की जानकारी देकर भाग रहे ट्रक का लोकेशन बताया था यदि टेढ़ीमेढ़ी पुलिस चौकी इंचार्ज और सैनी कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाई होती तो दुर्घटना के बाद ट्रक सहित ट्रक चालक गिरफ्तार हो जाता है लेकिन टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी और सैनी कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना कर भाग रहे ट्रक और चालक को पकड़ने का तनिक भी प्रयास नहीं किया है हादसे के बाद ट्रक चालक के भाग जाने के बाद पुलिस की फिर एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई है और पुलिस की लापरवाही एक बड़ा जांच का विषय है हादसे के बाद ट्रक चालक को भाग जाने का मौका देने वाली पुलिस के कारनामे की यदि जांच हुई तो दोषी जनों पर कठोर कार्रवाई होना तय है।

## दूध डेयरी में चरम पर हो रही है मिलावट खोरी

### सिराथू तहसील क्षेत्र के कल्यानपुर बसावन पुर बम्हरौली झण्डा पुर शहजादपुर आदि स्थानों पर दूध डेयरी मैं मिलावट खोरी का धंधा चरम पर

**टेढ़ीमेढ़ी कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ सहजादपुर और उसके आसपास आधा दर्जन से अधिक दूध डेयरी संचालित हो रही है इन डेयरी संचालकों द्वारा दूध की शुद्धता में मिलावट कर उसे दूषित किया जा रहा है जो विभिन्न बीमारियों को जन्म देता है लेकिन डेयरी संचालकों की मिलावट खोरी के खेल में फूड इंस्पेक्टर अभी तक कार्यवाही नहीं कर सके हैं सूत्रों की माने तो मिलावट खोरी के खेल में लगे डेयरी संचालकों से फूड इंस्पेक्टरों की मोटी रकम महिनवारी के रूप में बंधी हुई है। दूध डेयरी संचालक के कारनामे पर दो महीने पहले भी ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं लेकिन फूड इंस्पेक्टर की संलिप्तता के चलते दूध के मिलावटखोरों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

गौरतलब है कि सिराथू तहसील क्षेत्र के कल्यानपुर बसावन पुर बम्हरौली झण्डा पुर शहजादपुर आदि स्थानों पर दूध डेयरी खोली गई है इन दूध डेयरियों में दूध में मिलावट खोरी का भी काम भी चरम पर होता है रिफाइंड निरमा आदि विभिन्न केमिकल इन डेयरी संचालकों द्वारा दूध में मिलाया जाता है। दूध में मिलावट खोरी की ओर फूड विभाग के अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं दूध डेयरी तक दूध पहुंचाने वाले कलेक्शन सेंटरों से भी फूड विभाग की लम्बी वसूली जारी है कलेक्शन सेंटरों से फूड विभाग की अवैध वसूली के चलते डेयरी संचालक पर भी विभाग की सहमति बनी है इसलिए डेयरी संचालक के सारे गुनाह माफ हो जाते हैं जबकि दूध में मिलावट को लेकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले डेयरी संचालकों पर कठोर कार्यवाही के बाद डेयरी का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है बार-बार शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी डेयरी संचालक के दूध में मिलावट पर रोक लगाने का प्रयास नहीं किया है जिससे इलाके की जनता मिलावटी दूध पीकर जीवन जीने को विवश है।



परिवर्तन फिल्म के शुभारम्भ के अवसर पर शामिल कलाकार एवं अन्य

## फिल्म परिवर्तन का प्रतापगढ़ में बनना गौरव की बात : संजय त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** एसआर फिल्म फैक्ट्री द्वारा फिल्म परिवर्तन का शुभारंभ नगर के रॉयल इन होटल में महेंद्र कुमार बौद्ध एवं पूर्व विधायक संजय त्रिपाठी द्वारा पोस्टर का प्रयोग करके किया गया। महेंद्र कुमार बौद्ध ने कहा कि कांशी राम के जीवन चरित्र पर आधारित फिल्म परिवर्तन का प्रतापगढ़ में बनना गौरव की बात है। इससे प्रतापगढ़ का नाम पूरे देश में होगा विधायक संजय त्रिपाठी ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। कई बार इसका हमें एहसास नहीं हो पाता और चीजें बदल जाती हैं परिवर्तन का हमारे ऊपर भी गहरा असर पड़ता है विशेष रूप से सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तन हमें प्रभावित करता है परिवर्तन के लिए राजनीतिक शक्ति जरूरी है मान्यवर कांशी राम का कहना था कि अगर अपना एवं समाज का जीवन स्तर सुधारना है तो पहले राजनीतिक शक्ति अर्जित करना होगा फिल्म के निदेशक शिव कुमार विश्वकर्मा को फिल्म बनाने के लिए बधाई दी और हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया फिल्म के निर्देशक एवं निर्माण कर्ता शिवकुमार विश्वकर्मा ने उपस्थित लोगों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया इस अवसर पर श्रीमती सुशीला कश्यप, कल्पना, नीरज पासी सुशील सागर कमलेश विश्वकर्मा भरत व्यास शर्मा उदय राज गौतम छोटेलाल बौद्ध प्रमोद कुमार बौद्ध बबलू विश्वकर्मा उमेश विश्वकर्मा इमरान, विकास राज राकेश कुमार राय आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि पर लगेगा बाबा अमरनाथ धाम मेला

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** जनपद के ब्लॉक सांगीपुर की गांवसभा मंगापुर में विराजमान बाबा अमरनाथ धाम पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल मेला लगेगा। इस आशय का निर्णय बाबा धाम पर हुई शिव मंदिर व्यवस्था संचालन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। शिवभक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का ऐतिहासिक जलाभिषेक भी किया जाएगा। अध्यक्षता प्रदीप त्रिपाठी ने करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही मंदिर का जीर्णोद्धार संभव है। इसके लिए सामूहिक रूप से समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को गांव गांव जाकर संपर्क करके सहयोग लेने का वातावरण सृजित करना होगा। समिति के सदस्यों ने संकल्प लिया कि महाशिवरात्रि पर होने वाले कार्यक्रमों का प्रचार- प्रसार करके जलाभिषेक एवं विशाल मेला को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता परशुराम उपाध्याय सुमन, बम बहादुर सिंह, आशुतोष मिश्र, संजय त्रिपाठी, राजेंद्र कुमार मिश्र, राजकुमार यादव राजू, अवनीश शर्मा अंकुर, जय कांत शुक्ला, पंकज मिश्र, हीरालाल सरोज, पुजारी पंडित राजाराम उपाध्याय एवं पंडित बद्री प्रसाद मिश्र, मनीष त्रिपाठी, ओम प्रकाश मिश्र, प्रमोद त्रिपाठी, अनिल कुमार मिश्र, राजेश आदि रहे।

## पिता–पुत्र की उठी अर्थी तो हर आंख हुई नम



पिता-पुत्र की एक साथ शव यात्रा से हर आंख हुई नम

**प्रतापगढ़।** रेडीमेड कपड़े के व्यापारी की करंट और पिता की हार्ट अटैक से सांस थमने के बाद रविवार सुबह दोनों की अर्थी एक साथ उठी। यह देख हर आंख नम हो गई।

शहर के पल्टन बाजार निवासी विशाल खंडेलवाल (42) की जीजीआईसी के बगल रेडीमेड कपड़े की दुकान है। शनिवार को वह लोहे के तसले में कूड़ा फेंक रहे थे कि हाईटेंशन तार के करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। उनके पिता कैलाश खंडेलवाल रायपुर जाने के लिए प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे थे लेकिन बेटे की तबीयत खराब सुनकर लौट आए। घर पहुंचने पर बेटे का शव देख उन्हें हार्टअटैक आ गया। परिजन उन्हें प्रयागराज ले गए लेकिन उनकी भी मौत हो गई। रविवार सुबह उनके आवास पर व्यापारियों के साथ ही भारी भीड़ जमा हो गई। करीब 10 बजे पिता-पुत्र की अर्थी एक साथ उठी सभी की आंखें नम हो गईं। लोग शव लेकर दुकान पर भी गए। इस दौरान पूर्व विधायक बृजेश मिश्र (सौरभ), हरिप्रताप सिंह, राजेंद्र केसरवानी, शरद केसरवानी, उमा प्रकाश अग्रहरि, अनिल सिंह, लखनलाल, संतोष जैन, अख्तर राइन, विनय सिंह, संतोष मिश्र आदि मौजूद रहे। उनके घर दिनभर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा।

### खुले विद्युत तार से रोष

**प्रतापगढ़।** शहर में हाईटेंशन लाइन के खुले तार पर व्यापारियों में रोष दिखा। व्यापारियों ने कहा कि आबादी के बीच हाईटेंशन लाइन का तार घरों से सटकर खींचा गया है। इससे हर समय खतरे की आशंका बनी रहती है। इसके बाद भी विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।



क्रिकेट ट्राफी लेते विजयी टीम

## बाबा देवघर नाथ धाम क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** बाबा देवघर नाथ धाम क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच देवरी और चकवड टीमों के बीच खेला गया। देवरी की टीम ने फाइनल मैच जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। देवरी के कप्तान उमेश सरोज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देवरी की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। चकवा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए दीपक कुमार ने 4 ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चकवान की शुरूआत काफी अच्छी रही। महज 2 ओवरों में ही 38 रन बना लिए थे। लेकिन अमित सिंह की घातक गेंदबाजी के आगे चकवड़ के बल्लेबाज टिक नहीं सके। अमित सिंह ने 4 ओवर में 24 रन देकर छह विकेट प्राप्त किए ।उन्हें इस प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन के लिए अमित सिंह को ही मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। अमित सिंह ने प्रतियोगिता में कुल 15 विकेट के साथ ही 175रन भी बनाए थे।

## मिशन प्रेरणा के माध्यम से मिला है एक अवसर : डायट प्राचार्य




मिशन प्रेरणा कार्यक्रम में मंचासीन डायट प्राचार्य व अन्य

**कौशाम्बी।** मिशन प्रेरणा के तहत मंझनपुर विकासखंड में पूर्व निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार न्याय पंचायत भेलखा में शिक्षक संकुल की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए डायट प्राचार्य रविशंकर ने कहा कि परिषदीय विद्यालय के अध्यापक पूर्ण मेहनत व लगन के साथ कार्य जरूर करते हैं परंतु आम जनमानस तक उनका प्रचार-प्रसार नहीं हो पाता जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालयों की छवि इतनी अच्छी नहीं बन सकी जैसी होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया और कहा कि मिशन प्रेरणा के माध्यम से एक अवसर मिला है कि हम प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों में उनकी कक्षा के अनुरूप दक्षता विकसित कर समाज में पुनः प्रतिष्ठित हो सके। बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर डॉ.अविनाश सिंह ने कहा कि बरगद के एक छोटे से बीज से विशाल वटवृक्ष तैयार हो सकता है जब उसे सही वातावरण प्राप्त हो जाता है।इसी प्रकार बच्चों को विद्यालय में एक अच्छा वातावरण प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारा जा सकता है।एआर पी ओम दत्त त्रिपाठी ने विद्यालय भवनों को इअछअ (बाला) के तर्ज पर विकसित करने तथा कम से कम एक कक्षा-कक्ष को प्रिंट संवृद्ध बनाने,लर्निंग कार्नर अनिवार्यतः विकसित करने और सक्रिय पुस्तकालय की स्थापना करने पर बल दिया ताकि बच्चों को लर्निंग हेतु बेहतर वातावरण मुहैया कराया जा सके। एआरपी माया पति त्रिपाठी ने बैठक में उपस्थित सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्र.अ.व इ.प्र.अ. से विशेष रूप से आग्रह किया कि प्रत्येक विद्यालयों में प्रेरणा लक्ष्यों की ससमय सम्प्राप्ति हेतु एक व्यापक कार्ययोजना और भाषा तथा गणित हेतु कक्षावार शिक्षण योजना अनिवार्यतः बन जाय तथा उस योजना को सभी लोग मिलकर टीमवर्क के रूप में कार्य करते हुए अपने विद्यालय को प्रेरक बनाकर विकासखण्ड को प्रेरक विकास खण्ड का दर्जा दिलवाने में अपना सक्रिय सहयोग दें। एआरपी अनूप कुमार वर्मा ने ई-पाठशाला के कंटेंट की प्रभावी पहुँच छात्रों तक सुनिश्चित करने हेतु तथा इसे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार न केवल ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यमों से इसे पहुँचाने की अपील की बल्कि उसकी सतत समीक्षा एवं फीडबैक लेते रहने पर भी बल दिया। वहीं एआरपी अतुल प्रकाश प्रजापति व कृष्णकांत तिवारी ने क्रमशः पाठशाला शिक्षण कार्य को योजनाबद्ध रूप से करने व दीक्षा एप्प एवं रीड अलांग एप्प की उपयोगिता और उसके प्रयोग हेतु प्रेरित किया।

### सैकड़ों लोगों को आवासीय पट्टा दिलाने के नाम पर प्रधान पति ने की वसूली

**कौशांबी।** मूरतगंज विकासखंड के भीटी गांव के तमाम ग्रामीणों ने थाना अध्यक्ष चरवा को तहरीर देकर पंनोई ग्राम प्रधान और उनके पति पर जमीन का पट्टा दिलाए जाने का आश्वासन देकर अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाया है ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम प्रधान और उनके पति रमेश कुमार ने तहसील से जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर 20 हजार से लेकर 30 हजार और 40 हजार रुपए तक ग्रामीणों से वसूली की है और कहा है कि तुम्हें तहसील से जमीन का पट्टा दिला देंगे लेकिन जमीन का पट्टा उन्हें नहीं मिल सका। ग्रामीणों का कहना है कि वह ग्राम प्रधान और उनके पति को पूर्व में दी गई जब अपनी रकम वापस मांगते हैं तो उन्हें प्रधान और उनके पति रकम देने के बजाय गाली गलौज कर अभद्रता करते हैं पीड़ितों ने तहरीर देकर ग्राम प्रधान और उनके पति पर कार्यवाही करते हुए पैसा वापस दिलाए जाने की मांग की है।

## कांग्रेस राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर ने सुनी किसानों की समस्यायें

### विदन पुर में कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन अभियान के कार्यक्रम की एक बैठक संपन्न




कांग्रेस पार्टी की बैठक में मंचासीन नेता

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम विदन पुर में कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन अभियान के कार्यक्रम की एक बैठक संपन्न हुई है कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रसाद उर्फ टीटी ने की जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर विचार विचार व प्रदेश सचिव शमीम आलम रहे। सृजन अभियान में कांग्रेसी नेताओं ने किसानों की तमाम समस्याओं को सुना सबसे ज्यादा छुट्टा पशुओ से परेशान किसानों ने योगी सरकार की नीतियों पर चर्चा करते हुए आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है। इस मौके पर काग्रेस वक्ताओं ने योगी सरकार की जमकर बखिया उधेड़ दी है पार्टी नेताओं ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम है आम जनता भय भ्रष्टाचार और भूख से पीड़ित है कानून का राज पूरी तरह से समाप्त हो चुका है हत्या बलात्कार डकैती लूट भ्रष्टाचार चरम पर है और अब आम जनता योगी सरकार से निजात चाहती है। कार्यक्रम के अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कहा कि आने वाली सरकार यदि कांग्रेस की हुई तो किसानों को हर प्रकार की समस्याओं से छुटकारा दिलाने का काम कांग्रेस करेगी।

## युवा सप्ताह पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रतापगढ़।** युवा सप्ताह के अवसरपर शनिवार को आचार्य सदाशिव शिक्षा संस्थान खरह रानीगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। एनएसएस स्वयं सेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, सरस्वती गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अथिति राज्य विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. उपेंद्र सिंह ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं। उनके मार्ग का युवाओं को अनुसरण करना चाहिए। कॉलेज प्रबंधक डॉ. श्याम शंकर उपाध्याय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा श्रोत हैं। उनके पदचिन्हों पर चलकर युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकताहै। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मृतुन्जय प्रसाद, मयंक श्रीवास्तव, सरिता मौर्य, गायत्री तिवारी, ललिता विश्वकर्मा, देवी उपाध्याय, स्वेता मिश्रा, जागृति शुक्ला, अश्वनीपाल, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र परमाल्यार्पण करते डा. उपेन्द्र सिंह



बाबू जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में लोग

## बालिका इंटर कालेज गंभीरा में मनाई गई बाबू जी की जयंती

**जेठवारा।** बाबू रामदास पटेल ग्रामीण विकास संस्थान की ओर से गम्भीरा के पूर्व प्रधान स्व बाबू जी की जयंती बालिका इंटर कॉलेज गम्भीरा के प्रांगण में मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ आर के वर्मा ने बाबूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने कहां की विश्वनाथ गंज निरंतर विकास की ओर अग्रसर है यहां आम आदमी की मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु मैं प्रयासरत हूं । अभी तक क्षेत्र के विकास में योगदान के स्वरूप करीब दर्जनभर से अधिक चैड़ी सड़कें किसान सेवा केंद्र विद्युत संस्थान नदियों पर पुल सहित कई विकास कार्य किए जा रहे हैं आने वाले दिनों में शीघ्र ही विश्वनाथ गंज क्षेत्र में राजकीय डिग्री कॉलेज और पॉलिटेक्निक संस्थान या स्थापना भी होने जा रही है इस मौके पर कालेज के प्रबंधक ग्राम प्रधान विनोद कुमार पटेल राजीव कुमार सूरज मिश्रा फूलचंद पटेल घनश्याम गिरि राजेश कुमार मिश्रा सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गांव- गांव,पांव-पांव पदयात्रा के तीसरे चरण का हुआ शुभारंभ



गांव-गांव पांव-पांव पदयात्रा के तीसरे चरण के शुभारम्भ अवसर पर बैठक

**प्रतापगढ़।** सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों के विरोध में व जनसंपर्क के उद्देश्य से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के निर्देश पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के गांव- गांव,पाव-पाव शुरू की गई पदयात्रा अभियान के तीसरे चरण की पदयात्रा का रविवार को जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के पूर्व अध्यक्ष व उच्च न्यायालय लखनऊ के अधिवक्ता विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में सदर विधानसभा क्षेत्र के बघुमार गांव से शुभारंभ करते हुए सराय महिमा सहित आधा दर्जन गांवों के घर-घर जाकर सघन जनसंपर्क करते हुए पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए प्रदेश व केंद्र की सरकार पर निशाना साधा। पदयात्रा के दौरान कार्यकताओं द्वारा ग्रामीणों में घर-घर जनसंपर्क करते हुए पंपलेट का वितरण करते हुए ग्रामीणों को पार्टी के उद्देश्यों और नीतियों से अवगत कराया।इस दौरान प्रसपा नेता विनोद पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों के चलते जहां पर जनता परेशान है वहीं पर समूचे प्रदेश में अपराधों का ग्राफ चरम पर है जिस पर रोक लगाने में शासन-प्रशासन असहाय हो साबित हो रही है। इस दौरान उन्होंने प्रतापगढ़ में बड़ी अपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार घटनाएं घटित हुई किन्तु आज तक किसी भी का खुलासा न होने से लोग भयभीत हैं।इस दौरान पारस नाथ मिश्रा,अशोक कुमार मिश्रा,हरी नाथ शर्मा, लाल जी पाण्डेय,सूबेदार सिंह, राकेश, कश्मीर सिंह यादव, उद्धव पाण्डेय ,मिनकू दूबे सहित आदि लोग मौजूद रहें।